तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 नर्रा क्षेत्र में धान की 80 प्रतिशत बोवाई, अच्छी बारिश ...



12 कोटवार को पद से हटाने और कार्रवाई की मांग ...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### करंट से युवक मृत

**महासमुंद।** सिरपुर चौकी अंतर्गत आज सुबह शौच करने जा रहे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सिरपुर निवासी नेतराम चक्रधारी (23) आज सुबह शौच के लिए खेत जा रहा था। इसी दौरान वह गांव के ही टुकेश चक्रधारी के खेत में लगे फैंसिंग तार को पार कर रहा था तभी तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सिरपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में खेत मालिक को हिरासत में लिया गया है। उसने बताया फसल की सुरक्षा के लिए खेत में फैसिंग तार में करंट प्रवाहित किया था। फिलहाल टुकेश्वर से पूछताछ जारी है।

### गुटखा नहीं लाने पर दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** गुटखा नहीं लाने पर दुकानदार से एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को विकास चंद्राकर पिता भागवत प्रसाद चंद्राकर निवासी ग्राम बेलसोंडा वार्ड नंबर 10 ने बताया कि बेलसोंडा रेलवे फाटक के पास उसका किराना का दुकान है। 22 जून को रात करीबन 08.15 बजे उसके गांव के रहने वाले सुनील चंद्राकर उर्फ टिपू पिता गजाधर चंद्राकर ने मोबाइल पर कहा कि 10 नग पान पराग तुरंत जितेंदर ढाबा लेकर आओ। इस पर उसने कहा कि दुकान में अकेला हूं, और ग्राहक भी हैं मैं तुम्हारा सामान तुम्हारे पास नहीं छोड़ सकता हूं। इस पर कुछ समय बाद आरोपी सुनील चंद्राकर उर्फ टिपू उसकी दुकान के पास आकर गुटखा नहीं लाने के चलते नाराज होकर गाली गलौज देकर मारपीट कर पास में पड़े पत्थर को उठाकर जान से मारने की धमकी देने लगा, जिस पर वह वहां से भाग निकला। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**समस्या:** बागबाहरा विखं के तुसदा उमावि में गणित शिक्षक नहीं

# शिक्षक नहीं होने से छात्र विषय बदलने या स्कूल छोड़ने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के स्कूलों में नये शिक्षा सत्र शुरुआत के बाद बड़ी विडंबना देखने को मिल रहा है। कहीं गणित विषय के शिक्षक नहीं है तो कही सफाई कर्मी के हड़ताल पर चले जाने के कारण स्कूल के बच्चों से ही सफाई कराया जा रहा है।

ऐसा एक मामला सामने आया है जिसमें गणित विषय के शिक्षक नहीं होने के कारण स्कूल में 11 वीं-12 वीं के छात्रों को अपना विषय बदलने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि बागबाहरा विकासखंड के ग्राम तुसदा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणित विषय के शिक्षक की कमी से छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्र या तो विषय बदलने को मजबूर हैं या स्कूल छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले दो साल में 30 छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी, लेकिन ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

तुसदा स्कूल में करीब 250 छात्र पढ़ते हैं, जहां 11 का सेटअप है, लेकिन केवल 6 व्याख्याता उपलब्ध हैं. जीवविज्ञान, भौतिक, भूगोल, हिन्दी जैसे विषयों के शिक्षक तो हैं, लेकिन गणित विषय के शिक्षक की कमी गंभीर समस्या बन गई है। वर्ष 2011 में 9वीं से 12वीं तक गणित की पढ़ाई शुरू हुई थी, जब 9वीं में 60 और 10वीं में 70 छात्रों ने इस विषय को चुना था। हर साल छात्रों की संख्या बढ़ रही थी। शासन ने 2013 में गणित शिक्षिका संपा बोस की नियुक्ति की, लेकिन 20 अप्रैल 2023 को उन्हें समग्र शिक्षा में अटैच कर दिया गया। शर्त थी कि वे स्कूल में भी पढ़ाएंगी, लेकिन शिक्षिका ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया, जिससे करीब 30 छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी। ग्राम तुसदा शाला विकास समिति के सदस्य ने बताया कि सुशासन तिहार में आवेदन दिया गया, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ जिसके बाद कलेक्टर से गुहार लगाई है।



### शिक्षक न होने से हो रही है दिक्कत

निखिल पटेल, 10वीं पास छात्र तुसदा ने बताया कि गणित का शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई में दिक्कत हुई, इसलिए स्कूल छोड़ना पड़ा है। मोनिका सेन, 10वीं पास छात्रा तुसदा ने कहा कि बिना गणित शिक्षक के पढ़ाई अधूरी लगती है, मजबूरी में विषय बदलना पड़ा। सुखरूराम साहू, पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति तुसदा कहा कि शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, छात्रों का भविष्य खतरे में है। ज्ञानेश्वर तंबोली, सदस्य, शाला विकास समिति तुसदा ने कहा गणित का शिक्षक ही नहीं, शासन की अनदेखी से स्कूल चौपट हो रहा है। विजयलक्ष्मी साहू, वाणिज्य शिक्षिका ने कहा है कि मैं गणित नहीं पढ़ा सकती, फिर भी मजबूरी में कोशिश कर रही हूं।

### आस पास के गांव से पढ़ने आते है छात्र

तुसदा स्कूल में डूमरपाली, खुटेरी, पेंड्रा, फुलझर, घुंचापाली, अमेठी, जीवनगढ़ और परसदा जैसे गांवों के छात्र पढ़ने आते हैं। पिछले तीन साल से गणित विषय पूरी तरह बंद है। 9वीं और 10वीं के छात्रों को वाणिज्य की शिक्षिका गणित पढ़ा रही हैं। छात्रों के सामने तीन विकल्प बचे है। विषय बदलना, दूसरे स्कूल में दाखिला लेना या पढ़ाई छोड़ देना।

### कलेक्टर ने दिया है आश्वासन

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस मुद्दे को संज्ञान लेते हुए कहा है कि शिक्षक अटैचमेंट की तत्काल जांच होगी, अगर कोई अनियमितता है तो शिक्षक को स्कूल भेजा जाएगा।

### होटल में दो लोगों से मारपीट

**महासमुंद।** होटल में दो लोगों के मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को केशव निषाद निवासी ग्राम भलेसर वार्ड नं 9 ने बताया कि 22 जून को वह अपने गांव के दोस्त पूरन निर्मलकर के साथ महासमुंद से सब्जी खरीदकर घर ग्राम भलेसर जा रहा रहा था। शाम करीब 5.30 बजे भलेसर रोड पेट्रोल पंप के पास होटल में नाश्ता करने के लिये रूके थे, उसी समय महासमुंद का रहने वाला तीरथ और उसके दोस्त के साथ वहां बैठकर आपस शराब पी रहे थे, जिसे प्रार्थी ने देखा तो आरोपी तीरथ व उसके अन्य साथी आवेश में आकर हमें आंख दिखाता है कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। उसी समय गांव का रहने वाला कुलेश्वर कुर्रे आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पीएम आवास के नाम पर फोटो खींचने के बहाने महिला के जेवर चोरी किए

**महासमुंद।** पीएम आवास की तस्वीर लेने के नाम पर एक बार फिर एक महिला ठगी का शिकार हो गई। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मोंगरा में बुधवार को घटित घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। बता दें कि फोटो खींचने के नाम पर आरोपियों ने एक महिला के घर से 39 हजार के गहने चोरी कर लिए। ग्राम मोंगरा निवासी पुनियाबाई ध्रुव के घर से अज्ञात आरोपियों ने सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर ली। महिला ने एफआईआर में पुलिस को बताया कि वह ग्राम मोंगरा वार्ड नंबर 01 की निवासी है और 18 जून की सुबह करीबन 9 बजे वह और उसकी नतनीन चुम्मन ध्रुव के साथ घर से लगी हुई बाड़ी में काम कर रहे थे। उसी समय मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये और अपने आप को प्रधानमंत्री आवास संबंधित अधिकारी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास में नाम आया है, इसलिये आपका फोटो खींचना है। साथ ही कहा कि जो गहने पहनी हुई हो उसे उतारना पड़ेगा, अगर वह फोटो में दिखाई देगा तो आवास निरस्त हो जायेगा। इसके बाद उसने चांदी का माला 10 तोला, कान में पहना हुआ सोने का टॉप 02 ग्राम तथा हाथ में पहने ऐंठी 16 तोला को निकाल कर जेवर को अपने घर कमरा में रख दिया और अपने घर के दरवाजा को बंद कर बाहर आई और हम दोनों का फोटो खींचना है कहकर उसे तथा उसकी नतनीन को बाड़ी में ले गये, वहां पर एक व्यक्ति ने अपने मोबाईल से हम दोनों का फोटो खींचा और दूसरा व्यक्ति जो बाड़ी के दरवाजा के पास था, ने फोटो खींच रहे व्यक्ति को काम हो गया है कहते हुए चलने कहा। कुछ समय बात जब हम लोग घर अंदर गये और देखा कि चांदी की माला वजनी 10 तोला कीमत करीबन 8,000 रुपए, सोने का टॉप एक जोड़ी वजनी 02 ग्राम कीमत करीब 18,000 रुपए तथा एक जोडी चांदी की ऐंठी वजनी 16 तोला कीमत 13,000 रुपए कुल कीमत 39,000 रुपए को दो अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 305(a), 319(2), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने ओडिशा से छग की ओर आ रही एक कार से गांजा जब्त किया है। साथ ही अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिंघोड़ा पुलिस को 22 जून को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक सिल्की सिल्वर कलर की मारूति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक ओआर 03 ए 0450 में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छग की ओर आ रहे है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी की गई। कार के वहां पहुंचने पर उसे रोका गया और पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम बालक मुनी जी महाराज पिता मुनी जी महाराज (35 ) त्रयम्बकेश्वर थाना त्रयम्बकेश्वर जिला नासिक महाराष्ट्र और टीटी शर्मा पिता तुलसीराम शर्मा (35 वर्ष) जमालपुर थाना साहबर जिला ईटा उत्तर प्रदेश का निवासी होना बताया। इसके बाद वाहन की तलाशी में डिक्की में रखा 8 किलोग्राम मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,20,000 को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा कार, मोबाइल भी जब्त किया। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# फेडरेशन ने अनियमितता करने वाले अधिकारियों के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र

■ कलेक्टर को ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर 28 जून को सामूहिक उपवास एवं धरना

शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा विभाग में व्यापक रूप से अनियमितता करने वाले अधिकारियों का युक्ति युक्तकरण को लेकर तीन चरणों में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। पहले चरण में सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर 28 जून को सामूहिक उपवास एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर 5 जुलाई को ब्लॉक कार्यकारिणी सहित शिक्षक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि विभाग के आला अधिकारी ही शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं। जिस तरह से अफसर सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं वह गंभीर चिंता का विषय है। शासन स्तर पर ऐसे अफसरों का युक्तियुक्तकरण किया जाए ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करें ▶▶| शेष पेज 10 पर

### उच्च न्यायालय के आदेश का खुला उल्लंघन

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश विधिक सलाहकार बीपी मेश्राम ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी का अव्यवहारिक आदेश एनसीटीई नियम और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का खुला उल्लंघन है। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव लव निर्मलकर ने किया। बैठक में डिगेश पुरेना, सीमा यादव, निहारिका चंद्राकर, मंजू अंबिलकर, समीक्षा चंद्राकर, जितेंद्र साहू, बलराम बनवासी, हेमलता बघेल, अंजलि मधुकर, फागूलाल पटेल, होरीलाल ध्रुव, कल्पना साहू, रेखा कन्नौजे, सुनील मिश्रा, प्रेम चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम फुलवारी कला में ट्रैक्टर की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। 9 जून को हुई इस घटना की रिपोर्ट बागबाहरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को देवनाथ साहू पिता बखरिया साहू ने बताया कि 9 जून की सुबह 9 बजे वह घर से खेत जा रहा था, तभी गांव फुलवारी के गैतराम ध्रुव के घर के सामने गांव के ही थनवार साहू के घर के बिना नंबर के ट्रैक्टर को चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर दुर्घटना कर दिया, जिससे उसका पैर पहिए में दब गया। बागबाहरा और रायपुर में इलाज के बाद पीड़ित ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### बारिश होने से मिली गर्मी से राहत, आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की संभावना

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में सोमवार शाम को बारिश हुई। दिनभर की तपन और उमस ने जहां लोगों को परेशान कर रखा था, वहीं शाम को राहत की बूंदें गिरने के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। शाम को करीब 5 बजे बादल घिरने लगे और कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई फिर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश के बाद तापमान गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले दिन में तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया। शाम घिरने के साथ ही गिरी राहत की बूंदों ने लोगों को सुकून का एहसास करवाया। मौसम विभाग ने 27 जून से राजधानी सहित प्रदेशभर में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस साल मानसून की हवा सामान्य गति से नहीं बढ़ रही है। इसलिए दक्षिण में बारिश के आसार कम हैं। वहीं एक सिस्टम गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बनने की संभावना है। इससे मानसून रफ्तार पकड़ेगा और इसके बाद 27 जून से पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके अलावा मौसम वैज्ञानियों के मुताबिक, अगले 48 घंटे तक प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

# पर्यावरण-जनहित पर सरकार की चुप्पी दुखदः अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

दिल्ली कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने सरगुजा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी को लेकर सरकार पर कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि कोल खदानों के नाम पर वहां बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई की जा रही है, जो न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है बल्कि वनवासी आदिवासी समुदाय के जीवन और संस्कृति पर भी सीधा प्रहार है।

प्रेसवार्ता में पूछे गए सवाल के जवाब में उपाध्याय ने कहा, यह केवल खनिज निकासी का मामला नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की



प्राकृतिक संपदा और आदिवासी जीवन की रक्षा का विषय है। जंगल सिर्फ पेड़ नहीं होते, वे आदिवासी संस्कृति की आत्मा हैं। अगर जंगल कटेंगे, तो सिर्फ पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा, आदिवासियों का जीवन भी कट जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार ने वन अधिकार अधिनियम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### किसानों के मुद्दों पर भी सरकार को घेरा

अजय उपाध्याय ने कहा कि आज देश का किसान हर मोर्चे पर परेशान है। डीएपी खाद के दाम बढ़ा दिए गए, खाद के बोरे का वजन घटा दिया गया, लेकिन सरकार कहती है कि किसानों की आमदनी डबल हो रही है, यह सरासर झूठ है। उन्होंने कहा, लागत बढ़ रही है, लेकिन आमदनी घट रही है। किसानों को फसल की सही कीमत नहीं मिल रही है। महंगाई ने उनके बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित कर दी है। जातिगत जनगणना की चर्चा तो होती है, लेकिन अब तक कोई बजट पारित नहीं हुआ। सरकार बस भाषण दे रही है, जमीनी हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं है।




### सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर जनसंवाद

छत्तीसगढ़ में सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम सत्याग्रह जन-संवाद का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम गुरुतेज बहादुर भवन पिथौरा में आयोजित हुआ। जन-संवाद का उद्देश्य मनरेगा मजदूरों, किसानों, और पर्यावरण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आम जनता की आवाज़ को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रमुख मुद्दों- मनरेगा मजदूरों को न्याय, भागीदारी न्याय का सपना हो पूरा, किसानों को न्याय,- जल, जंगल, जमीन पर अधिकार की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस पहल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता अजय उपाध्याय (दिल्ली), कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता थे। साथ ही छत्तीसगढ़ की राजनीति के कई वरिष्ठ और सक्रिय नेता भी इस जन-संवाद में भाग लिये। इस मौके पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बहादुर, खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सिटी डेवलमेंट प्लान के तहत बनाई जाएगी कार्य योजना पार्षदों को नहीं मिला पत्र

**महासमुंद।** नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों से सिटी डेवलमेंट प्लान के तहत कार्य योजना बनाकर शासन द्वारा मंगाया जा रहा है। जिसके तहत महासमुंद नगर पालिका को भी क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर संभाग छग द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र आए 15 दिन होने के बाद पार्षदों को अभी तक पत्र जारी न होने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुनपा अधिकारी अशोक सलामे को दूरभाष पर निर्देश दिया कि कार्य योजना बनाने का पत्र प्राप्त हुआ उसका तत्काल सभी पार्षदों को पत्र जारी करे, जिससे वे अपने-अपने अनुसार वार्डों के विकास कार्यो की कार्ययोजना तैयार कर नगर पालिका में भेज सके। इस पर सीएमओ द्वार पत्र वाट्सअप में किया है, लेकिन सभी को वाट्सअप के बजाय सीधे पत्र उपलब्ध कराए। सीडीपी के तहत 5 वर्ष की पूरी कार्ययोजना तैयार की जायेगी। राठी ने सभी पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वार्ड में रोड, नाली विद्युत पोल, पाइप लाइन की आवश्यकतानुसार सभी जानकारी पालिका को पार्षदों द्वारा तैयार कर लिखित में जमा करना होगा। जहां पर आंगनबाड़ी भवन नही है और अगर शासकीय जमीन है इसकी भी जानकारी नपा को दे। स्वास्थ्य केंद्र का अगर आवश्यकता हो तो इस संबंध में भी नपा को जानकारी दिया जा सकता है। सीएमओ से कहा गया कि इंजीनियर एवं कर्मचारियों से भी शहर विकास को लेकर सभी 30 वार्डों में सर्वे कराया जाए। छग शासन की अच्छी पहल है, जिससे विकास कराने में सरकार को आसानी होगा। इस अभिनव पहल के लिए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया है।

# ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का रहा जुनून



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं योग गुरु बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रोटोकॉल के अनुसार विद्यालय के योगाचार्य द्वय बिसीकेशन साहू प्रधान पाठक, राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता देते हुए सर्व प्रथम मां भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी व विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती माता की पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ योग दिवस का शुभारंभ किया गया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक अरूण कुमार प्रधान ने योग संकल्प वाचन और आशीर्वचनों के साथ समापन किया गया। विद्यालय परिसर छात्र-छात्राओं के नारों और जयकारों, करें योग- रहें निरोग, भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख कमलासन आचार्य, शिक्षक अरूण कुमार प्रधान, बिसीकेशन साहू, कुलेन्द्र नेताम, बालकृष्ण प्रधान, अनिता साहू, मंदाकिनी प्रधान, मंजू पात्रो एवं राजेंद्र सिंह सिदार सहित पालक पूर्णानंद बेहरा, पीतांबर यादव, रजनीकांत यादव, वीरेंद्र विशाल आदि मौजूद रहे।

# खल्लारी में मनाया गया प्रवेशोत्सव, छात्रों को बांटे गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नये शिक्षण सत्र शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया। साथ ही गणवेश वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, अध्यक्षता प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद एवं विशेष अतिथि मिडिल स्कूल समिति अध्यक्ष पवन चक्रधारी, प्रथामिक शाला स्कूल समिति अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर आदि थे। मुख्य अतिथि उपसरपंच ने कहा कि स्कूल में अपने सभी गुरुजनों का सम्मान व आदर भाव की भावना के साथ निष्ठापूर्वक अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास स्कूल से ही होते है। शुरुआत के शिक्षा अध्यन में प्रमुखता से लगन होनी जरूरी है। इस लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की जरूरत है। शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इसलिए शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है। जिससे व्यक्ति न केवल अपना बल्कि समाज और देश का भविष्य भी संवार सकता है। संचालन शिक्षक राजेश साहू व आभार व्यक्त प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद ने किया। इस अवसर पर शिक्षक सौरभ गुप्ता, शंकर ध्रुव, शिक्षिका सोमप्रभा दीवान, कंचन यदु, पवन ध्रुव, लक्षनी बाई, चमन यादव, गोकुल मौजूद रहे।

# रोहिना स्कूल में मनाया गया विश्व योग दिवस



**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर आधारित योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्रा, शिक्षक तथा नागरिकों ने भाग लिया। व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य कमलेश साहू ने योग दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए छात्रों को स्काउट के संस्थापक बेडेन पावेल के 6 व्यायाम को कर के बताया गया। केके साहू ने योग संगम की आवश्यकता महत्ता पर प्रकाश डाला। शिक्षक एके पटेल ने बच्चों को जागरण से लेकर सयन तक की जानकारी दी। खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। एसके पटेल एवं ज्योति वर्मा ने विभिन्न आसनों की जानकारी देती है, उसके फायदे बताएं। प्रधान पाठक बोधन पटेल ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए बच्चों को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के पश्चात मिडिल स्कूल के छात्रों को गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक एलके पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, लीला पटेल एवं नवीन बेहरा सहित समस्त छात्रों का विशेष योगदान रहा।

### देव संस्कृति स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**महासमुंद।** देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 7 बजे विद्यालय के सभी बच्चे और गायत्री शक्तिपीठ के परिजन ने योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे, तथा गायत्री शक्तिपीठ से नरेंद्र नायक, बोधराम साहू, मनहरण लाल साहू, हीरालाल साहू, ललित मेश्राम ने किया। गायत्री शक्तिपीठ के नरेंद्र कुमार नायक ने कहा भगवान शिव योग विद्या के प्रथम गुरु थे। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक नंद कुमार साहू ने योग के तीन लक्ष्य बताया पहला मोक्ष-आध्यात्मिक मुक्ति, दूसरा स्वास्थ्य-शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, तीसरा ध्यान-ध्यान केंद्रित करने की क्षमता। गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य मनहरण लाल साहू ने योगा के उद्धेश्य व्यक्ति के जीवन में समग्र कल्याण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक को प्राप्त करना है। इसका लक्ष्य शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करना है, जिससे जीवन में शांति, खुशी और संतुष्टि का अनुभव हो सके। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता नंदकुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

# भारतबोध और राष्ट्रीयता के उन्नायकों में पं माधवराव सप्रे का योगदान अप्रतिम

## माधवराव सप्रे की 154वीं जयंती पर जीवन सदन में परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



हिंदी नव जागरण पुरोधा, पं माधवराव सप्रे की 154वीं जयंती पर 19 जून को जीवन सदन में एक परिचर्चा का आयोजन हुआ। जिसमें आस्था साहित्य समिति के अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि भारतबोध और राष्ट्रीयता के उन्नायकों में पं माधवराव सप्रे का योगदान अप्रतिम है। वे एक कुशल सम्वादक, शिक्षक, कथाकार, पत्रकार और आध्यात्मिक साधक थे। हिंदी के उन्नयन के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ मित्र व साप्ताहिक हिंदी केसरी का प्रकाशन किया। उनकी लिखी कहानी, एक टोकरी भर मिट्टी हिंदी की पहली कहानी मानी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि सप्रे ने मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ मित्र के प्रकाशन के साथ हिंद केसरी और कर्मवीर के लिए समर्पण से पत्रकारिता जगत की अमूल्य सेवा की। उनकी कृति 'एक टोकरी भर मिट्टी' हिंदी की पहली कहानी है, इसने साहित्य जगत को नई दिशा दी। पं माधवराव सप्रे जी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। माधवराव सप्रे के व्यक्तित्व और पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए साहित्यकार के आर चंद्राकर ने कहा कि मध्यप्रदेश की साहित्यिक, राजनीतिक और सामाजिक जागृति के प्रथम प्रहर में पं माधवराव सप्रे का नाम अत्यंत आदर से लिया जाता है। यद्यपि आपका जन्म मध्यप्रदेश के उत्तर भाग में सागर जिले के एक छोटे-से ग्राम पथरिया में सन् 1871 में हुआ था। लेकिन अपनी प्रतिभा के बल पर समस्त प्रदेश और देश में विख्यात हो गए। साहित्यकार सरिता तिवारी ने कहा कि सप्रे ने बीए उत्तीर्ण कर एलएल-बी पढ़ना भी प्रारंभकिया था, पर देशसेवा की अंतःप्रेरणा इतनी प्रबल थी कि न तो आपने कभी उस समय में महज सरकारी नौकरी का विचार किया और न वकालत का धंधा कर धन कमाने का। महाराष्ट्र के चिपलुणकर, लोकमान्य तिलक, आगरकर का आदर्श उनकी आंखों के सामने झूलता रहता था। पत्रकार उत्तरा विदानी ने कहा कि स्वर्गीय सप्रे ने पत्रकारिता को जो दिशाएं दी, आज वही पत्रकारिता छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रही है।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने किया योग

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में छात्रों व स्टाफ ने सामूहिक योग किया। कार्यक्रम में संस्था के 363 स्कूली छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ ने योग किया। जिसमें एनसीसी के 25 कैडैट, स्काउट गाइड के 30, रेडक्रास के 12 विद्यार्थी भी शामिल है। योगाभ्यास संस्था के प्राचार्य एवं गाइड कमिश्नर अमी रूफस के निर्देशन में संस्था के तृषा शर्मा व्यायाम शिक्षिका द्वारा योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं के सहित एक साथ सामूहिक अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के जिला सचिव एवं स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार सहित संस्था के सभी शिक्षक जीआर टांडेकर, प्रियंका पीटर, विकास यादव, डा. शशबीर कौर संधु, मितेश शर्मा, कृति थवाईत, कल्याणी सोनकर, आकांक्षा भोई, हीरालाल जोशी, रंजीत सिंह रूपराह, रूपा पांडेय, दिव्येश वाणी, हेमलाल चक्रधारी, राधिका शर्मा, मदनलाल कौशिक नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, ध्रुति श्रीवास्तव ऋतुराज देवांगन, अंशुमाला बारिक, मनीषा कन्नौजे, प्रेम यादव, अंजली कहार, पूर्णिमा चंद्राकर, मोहन, झम्मन, प्रकाश, दुर्गा, माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

# तमोरा में योग के साथ शिक्षकों का विदाई एवं स्वागत सम्मान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संकुल तमोरा के सभी स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योगाभ्यास में सभी स्कूलों के शिक्षक, विद्यार्थी, एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य तथा पालक सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने अपने जीवन में नित्य योग करने का संकल्प लिया। विद्यालय संचालन के बाद संकुल तमोरा के समस्त शिक्षकों ने विदाई एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया। युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल तमोरा से अन्य संकुल एवं अन्य विकासखंडों में गए शिक्षक सोमनाथ साहू, प्रधान पाठक चरण सिंह ध्रुव, सहायक शिक्षक घनश्याम पटेल का सम्मान शॉल, फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। स्थानांतरित हुए शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में अपने विद्यालय में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को समस्त उपस्थित शिक्षकों के साथ साझा किया। इसी प्रकार संकुल तमोरा में कार्यभार ग्रहण करने वाले सहायक शिक्षक नागेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, मंजू अंबिलकर, कुसुमलता दीवान का पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह से स्वागत किया गया। संकुल में नवआगंतुक शिक्षिकाओं ने अपने पूर्व अनुभवों को साझा करते हुए नवपदस्थ शाला में अपनी श्रेष्ठतम देने की बात कही। समारोह में उपस्थित ग्राम तमोरा के सरपंच सेवा राम साहू ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी न व आ गं तु क शिक्षिकाओं को अपने कर्तव्यों पर बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। संकुल प्रभारी रमेश पटेल एवं संकुल समन्वयक पवन कुमार साहू ने भी अपने उद्बोधन में संकुल से गए शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में शंकर लाल साहू, निधी चंद्राकर, सुरेश तंबोली, महेंद्र साहू, सिया राम साहू, बिशन लाल, परदेशी राम पात्रें, यशपाल श्रेय, जवाहर ध्रुव, पुनीत राम ध्रुव, मन्नू लाल टोडेकर, सुरेश कुमार दीवान, होरीलाल ध्रुव, प्रदीप वर्मा, विष्णु जागृति, पवन दीवान, केदारनाथ सोनवानी, तारिणी कंवर, महेश्वर निषाद, सुमित्रा जसपाल, बुद्धेश्वर सोनवानी, सविता ध्रुव, धनमत पटेल उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन तुलसराम घृतलहरे एवं आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक तमोरा पवन साहू ने किया।



### बृजराज शाला में मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय बृजराज उच्च प्राथमिक शाला में योग दिवस मनाया गया। शाला के समस्त विद्यार्थी, नागरिक, पालकगण उपस्थित होकर सामूहिक योगाभ्यास किया। संचालन मिडिल स्कूल के प्रभारी नरेश साहू ने किया। पालक प्रतिनिधि अशोक नामदेव ने स्वस्थ्य रहने के लिए योग के महत्व को बताया। संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मानसिक शांति एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गोमती साहू ने योग कर अपने तन मन को स्वस्थ रखने की बात कहीं। मिडिल स्कूल पूर्व प्रधान पाठक विजयलक्ष्मी चंद्राकर ने कहा कि योग हम सबको जीवन में अनुशासित रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक जमुना साहू, सोनल साहू, स्वाति चंद्राकर, पुष्पांजलि सिंह, देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, नेहा चंद्राकर, बिमलेश्वरी दुबे, सुशांत धराई, स्वाति सिन्हा व पालकों की उपस्थिति रही।



### बड़ी नाली सफाई कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित डॉ. अंबेडकर चौक के पास बड़ी नाली की सफाई कार्य का निरीक्षण नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद भाऊराम साहू ने किया। राठी ने सफाई प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि नाली को जमीन से साफ करें। बड़ी नाली की सफाई बहुत कम हो पाती है। इसके अलावा नाली का स्लेब हटाने में भेदभाव न करे, सभी से सहयोग लेकर बरसात के पूर्व नाली में भरे मलबे को निकाला जाए। सफाई कर्मचारी नाली के अंदर उतरकर सफाई कर रहे है। इतना मलबा भरा हुआ है, उन्होनें नागरिकों से स्लेब हटाने में स्वस्फूर्त सहयोग करने की बात कही।

### बेमचा विद्यालय प्रांगण हुआ योगमय

**महासमुंद।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हायर सेकंडरी स्कूल एवं उच्च प्राथमिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में योगाभ्यास के कार्यक्रम हुआ। पूर्व निर्धारित सामान्य योगाभ्यास क्रम (प्रोटोकॉल) का अनुसरण करते हुए व्याख्याता महेश्वरी साहू एवं शिक्षक खेमराज साहू के निर्देशन में संकल्प गायत्री मंत्र व शांतिपाठ के साथ योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के नित्य अभ्यास से शरीर मे होने वाले विभिन्न प्रभावों का लाभ को भी बताया गया। साथ ही अभ्यास में सावधानियों को भी बताया गया। अतिथियों द्वारा समापन के दौरान एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया। लखनु राम निर्मलकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, भगत राम साहू अध्यक्ष एसएमसी, विधयक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि हम सभी को प्रतिदिन आधा से एक घंटा समय निकाल कर जरूर योगाभ्यास व प्राणायाम करना चाहिए। जिससे मन मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। अनेक प्रकार के रोग व्याधि आदि की सम्भवना कम होता है। इसे सभी बच्चों को अपनाना ही चाहिए। यह खुशी की बात है कि हमारे हायर सेकेंडरी स्कूल से दो शिक्षक तुलेंद्र सागर व्याख्याता एवं खेल शिक्षक सेवनदास मानिकपुरी योग के जिला मास्टर ट्रेनर हैं, जो आज सिरपुर में जिला स्तरीय योगाभ्यास के लिए अपनी सेवा दे रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वाय एस बलिहार, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, विनोद वर्मा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, मिडिल स्कूल शिक्षक स्टाफ से टाकेश्वर साहू सीएसी, तृप्ति डेनियल, शहनाज बानो खान, हेमिन जलक्षत्री, खेमराज साहू, रेणु सिंह, सुनीता ठाकुर, शशिलता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पुनः एक बार फिर बीटीआई रोड चौड़ीकरण सह नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त पाई गई। जिसे नपाध्यक्ष साहू ने तत्काल संबंधित विभाग प्रभारी को निर्देशित कर मरम्मत करने कहा। नपाध्यक्ष के निर्देश पर पालिका द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन कार्य का मरम्मत किया गया। इस अवसर उन्होंने निर्माण सामग्री गुणवत्ता पूर्ण लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की गति काफी धीमी है। इसमें तीव्रता लाई जाए। उल्लेखनीय है कि बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक मार्ग चौड़ीकरण व बड़ी नाली का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने नपाध्यक्ष श्री साहू समय-समय पर निरीक्षण कर रहे है।

## पेज 09 का शेष

### फेडरेशन ने अनियमितता ..

जो नियमों को ताक में रखकर उच्च कार्यालयों के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बहुत से शिक्षकों को अभी भी व्यवस्था में रखा गया है। ऐसे शिक्षकों को कार्यमुक्त करने का आदेश देने के बजाए जवाबदार अधिकारी हमारे प्रभारी शिक्षकों को मौखिक निर्देश देकर कार्यमुक्त न करने का निर्देश देते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि आज एक तरफ अफसर दावा कर रहे हैं कि जिले में कोई शिक्षक व्यवस्था में नहीं है पर विडंबना यह है कि आज भी शिक्षक व्यवस्था में कार्य कर रहे हैं। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बख्श ने कहा कि शासन की मंशा के विपरीत कार्य कर आला अफसर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रहे ह। युक्ति युक्तकरण गाइड लाइन को दरकिनार कर मनमाना नियम लागू कर इस प्रकिया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिए है।

### पर्यावरण-जनहित पर ...

जैसे कानूनों के माध्यम से वनवासियों की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित किए थे, जिन्हें आज की सरकारें पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही हैं। प्रवक्ता उपाध्याय ने मनरेगा मजदूरों की समस्याओं पर भी गंभीर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, आज मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। संविधान में उन्हें काम और सम्मान का अधिकार दिया गया है, लेकिन भाजपा सरकार मनरेगा योजना को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना ग्रामीण भारत की रीढ़ थी, जिससे न केवल रोजगार मिला बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिली। आज की सरकार केंद्र से लेकर राज्य तक इस योजना को निष्क्रिय बना रही है।

# महाविद्यालय में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा तथा प्राची गुप्ता के निर्देशन में आयोजन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य प्रशिक्षक गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी एवं भूतपूर्व छात्र शासकीय महाविद्यालय के कन्हैया लाल पटेल ने महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रोटोकॉल के तहत योग प्राणायाम एवं व्यायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलंन कर योगाभ्यास प्रारंभ किया गया तथा वैश्विकधरा में योग की महत्ता को स्थापित करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को अपने उद्बोधन के माध्यम से व्यक्त किया। संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देश के सदस्यों ने योग के महत्व एवं उसकी उपयोगिता को स्वीकार कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान किया तथा प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष का योग का थीम एक पृथ्वी। एक स्वास्थ्य सबके लिए को आधार मानकर सर्वे भवंतु सुखी नह वसुधा कुटुंबकम की भावना को आत्मसात कर विश्व में शांति और रोग़मुक्त करने के प्रयासों को व्यक्त किया।आज पूरा विश्व योग के इस पावन बेला पर अपने जीवन शैली में आत्मसात कर स्वस्थ प्रक्रिया को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, सारे बीमारियों का निदान योग के माध्यम से हो सकता है। योग एक जीवन पद्धति है। जिसके आधार पर मानव के आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है, योग करने वाला साधक आत्मिक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं वरिष्ठ होता है और प्रत्येक कठिनाइयां से लड़ने की क्षमता को हासिल कर सकता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपने जीवनचर्या में शामिल कर स्वस्थ नागरिक बनकर अपनी आयु को वृद्धि कर सकता है। योग में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को संभव करने की क्षमता प्रदान करता है, योगी व्यक्ति साधक होने के साथ-साथ सबके विकास को साकार होना देखना चाहता है। योग भारतीय दर्शन है जो विश्व को अपने सनातनी स्वरूप को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है । हम प्रण लें की योग को जीवन शैली में अपना कर सुखद एवं समृद्धि साली जीवन शैली को अपनाएं तथा अपने आचरण में आत्मसात करें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों के साथ रोसेयो के स्वयंसेवक अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। योग पप्रशिक्षक कन्हैया लाल पटेल को साधुवाद दिया गया। आभार प्रदर्शन भूगोल विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभारी मेघनाथ सिदार ने किया।

**खबर संक्षेप**



## प्रयास विद्यालय के लिए चार छात्रों का चयन

**खल्लारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीकेबाहरा के चार विद्यार्थियों यामेश पटेल, राहुल सबर, वेद प्रकाश साहू और छाया बघेल का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। चयन होने पर संकुल प्रभारी प्रचार्य अंकित चंद्राकर, समन्वयक विद्या प्रसाद चंद्राकर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक दमयंती कौशिक, शाला प्रबंध समिति अध्यक्षा कौशल्या पटेल, सरपंच खेमराज साहू, सरिता गोयल, मंजुला टांडे, टिकेंद्र चंद्राकर, अविनाश साहू, युगल किशोर साहू सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## आत्मानंद हिंदी स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व योग दिवस मनाया गया। करो योग रहो निरोग की भावना को सभी विद्यार्थियों में जागृत करने के लिए यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भेष लाल ठाकुर सेवानिवृत्ति व्याख्याता ने बच्चों को योगाभ्यास कराया। सभी योगासनों को सिखाया गया। पूर्व माध्यमिक एवं उच्च. माध्यमिक के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के प्रार्थना स्थल पर योगासन सीखा। प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने योग की सूक्ष्म ज्ञान से सभी को परिचित कराते हुए प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सीएल चंद्राकर, एमडी वर्मा, हेमंत डडसेना, संध्या चंद्राकर, मुरलीधर पटेल, त्रिवेणी साहू, सुलक्षणा तिवारी, भोजेश्वरी ठाकुर, घनश्याम यदु, सुधा, प्रियंका, तृप्ति, गरिमा, नरेंद्र, हीना, जगदीश साहू, लेखराम साहू, डॉ दुर्गा डडसेना, अंजनी, देवकुमार, भगोली साहू, बालकिशन, जगन्नाथ, इंदु, भारती, कमलेश, मनोज आदि उपस्थित थे।

## नवागांव में कराया गया सामूहिक योगाभ्यास

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नवागांव और ग्राम पंचायत नवागांव के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संस्था के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर एवं अमर साहू द्वारा बच्चों और जनप्रतिनिधियों को योग के विभिन्न आयामों का महत्व समझाते हुए योगाभ्यास कराया गया। प्रधान पाठक नरेश्वर डडसेना ने योग का जीवन में महत्व के बारे में बताया। माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने बताया कि योग मन को नियंत्रित करता है, आलस्य को दूर करता है और अनिंद्रा, तनाव का समाधान करता है। कार्यक्रम में माशा के शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद ने सभी को योग दिवस करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में नागरिक अशोक पटेल, प्राथमिक शाला के शाला विकास समितिअध्यक्ष सुंदरलाल सिन्हा, ग्राम प्रमुख विजय डहरिया, हुमेश सिन्हा, महेश सिन्हा, संस्था के शिक्षक अमृतलाल निषाद, आशीष ध्रुव, नंद कुमार कोसरे, बिहेंद्र साहू, किरण दीवान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रसोईया दया बाई, हीरा बाई, दयालु, लीला निषाद, पूनिया यादव, उषा साहू आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा सत्र का शुभारंभ, विधायक के प्रेरणास्पद संदेशों ने बच्चों में भरा नया उत्साह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना**

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में शाला प्रवेश उत्सव 2025 गरिमापूर्ण वातावरण एवं उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बसना स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की।

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। जिसके साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिससे ज्ञान एवं संस्कार की ज्योति पूरे वातावरण में प्रवाहित हुई। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। एक ऐसा दृश्य जो मानो शिक्षा की नई यात्रा का मंगल आरंभ बन गया।

शाला प्रवेश उत्सव पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, शाला प्रबंधक अध्यक्ष एनएल भोई, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल खिरोद कुमार पुरोहित, प्राचार्य हिंदी माध्यम सुरेश कुमार पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनके ध्रुव, प्रधान पाठक एचआर साव, प्रधान पाठक हेमंत कुमार दास, वरिष्ठ व्याख्याता अनिता आर आसटकर, मंच संचालक रविंद्र सोना, पालकगण, शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



### विद्यालय में पड़ती है संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की नींवः संपत

अंत में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा विद्यालय केवल एक भौतिक संरचना नहीं है, बल्कि यह वह पवित्र स्थल है, जहाँ भावी राष्ट्रनिर्माताओं के संस्कार, विवेक एवं ज्ञान का निर्माण होता है। इस अवसर पर उपस्थित समस्त विद्यार्थी, पालकगण तथा शिक्षकों के मन में यह सशक्त विश्वास अंकित हुआ कि जब जनप्रतिनिधि शिक्षाप्रेमी, दूरदर्शी एवं संवेदनशील हों, तब शिक्षा केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि जन-चेतना का सशक्त आंदोलन बन जाती है।

### बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार मिलना हमारा संकल्प

विधायक डॉ. अग्रवाल ने विद्यालय परिसर का अवलोकन करते हुए शिक्षकों से विद्यालय की वर्तमान सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की और यह निर्देश भी दिया कि बच्चों की शैक्षणिक सुविधा में किसी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने दो टूक कहा, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार मिलना हमारा संकल्प है और यह संकल्प सिर्फ घोषणा नहीं, एक जीवंत जिम्मेदारी है।

### समाज, शिक्षक और जनप्रतिनिधि उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध

विधायक डॉ. अग्रवाल ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अपने छात्र जीवन के प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को यह विश्वास दिलाया कि वे अकेले नहीं है समाज, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि, सभी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करें सुनिश्चित

अपने उद्बोधन में डॉ. अग्रवाल ने पालकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित डिजिटल जीवन जीने की सलाह दी। मोबाइल का प्रयोग केवल अध्ययन एवं ज्ञानवर्धन तक सीमित रखने की प्रेरणा दी।

## मनमानी : प्रमोशन पाने वाले शिक्षक पर शिक्षा विभाग मेहरबान

# फर्जी दस्तावेज से पदोन्नति पाने वाले शिक्षक पर नहीं हुई एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)**

शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पिथौरा विकासखंड के शासकीय शिक्षक दिनेश कुमार प्रधान द्वारा वर्ष 2022 में स्थानांतरण आदेश में कूटरचना कर फर्जी तरीके से प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हासिल की थी। मामले की विभागीय जांच में फर्जीवाड़ा प्रमाणित हो चुका है और 14 जून को उनकी पदोन्नति रद्द कर दी गई, लेकिन, अब तक संबंधित के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

गौरतलब है कि दिनेश कुमार प्रधान वर्ष 2010 में गंभीर बीमारी के आधार पर स्वयं के व्यय पर बसना विकासखंड के पितईपाली स्कूल से पिथौरा विकासखंड के श्रीरामपुर स्कूल में स्थानांतरित हुए। नियमों के अनुसार, चिकित्सा या निजी कारणों से लिए गए स्थानांतरण की स्थिति में शिक्षक की वरिष्ठता समाप्त मानी जाती है। लेकिन




वर्ष 2022 में जब प्रधान पाठक पद की पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई, तब दिनेश प्रधान ने अपने पुराने स्थानांतरण आदेश में हेरफेर कर चिकित्सा शब्द को हटाकर प्रशासनिक शब्द जोड़ दिया। इस प्रकार दस्तावेजों को ऐसा स्वरूप दिया गया जिससे प्रतीत हो कि स्थानांतरण विभागीय स्तर पर प्रशासनिक आधार पर हुआ है। इस दस्तावेज के सहारे उन्होंने पदोन्नति प्राप्त कर ली और अपने गृह ग्राम खैरखुटा में प्रधान पाठक पद पर पदस्थापना भी पा ली। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने टीम गठित कर इस मामले की जांच की। कई


हरिभूमि
फर्जी दस्तावेज से पदोन्नति लेने वाले शिक्षक की पदोन्नति रद्द

महीनों तक चली जांच प्रक्रिया के बाद यह स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत दस्तावेजों में हेराफेरी की गई है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर 14 जून 2025 को दिनेश प्रधान की पदोन्नति को शून्य घोषित करते हुए उन्हें पुनः श्रीरामपुर के प्राथमिक शाला में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया गया।

सबसे हैरानी की बात यह है कि जांच में फर्जीवाड़ा साबित हो जाने के बाद भी अब तक शिक्षक के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जबकि सरकारी दस्तावेजों में गड़बड़ी करना और झूठे आधार पर लाभ लेना कानूनन अपराध है। लेकिन यहां मामला केवल विभागीय कार्रवाई तक ही सीमित रह गया है। इससे यह संदेह भी होता है कि कहीं मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं हो रही। अगर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तो आगे भी लोग नियम तोड़कर फायदा उठाने से नहीं डरेंगे।

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे का कहना है कि एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया के लिए अभी पूरी पृष्ठभूमि तैयार नहीं हो पाई है। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि शिक्षक द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे पदोन्नति का लाभ लिया गया है।

लेकिन, यह दस्तावेज कहां से आया, किसने इसे तैयार किया और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हैं। इसकी तह तक पहुंचना अभी बाकी है। जैसे ही समग्र जांच पूरी होती है और तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट होती है, तब एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## वार्ड भ्रमण कर नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 22 का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से सौजन्य भेंट किया। साथ ही उनकी समस्याएं सुनी। नागरिकों ने साहू को वार्ड के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा मूलभूत, सफाई, नाली आदि से संबंधित मांग भी अध्यक्ष के समक्ष रखी। साहू ने सभी मांगों व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर शीघ्र यथोचित पहल व समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 22 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हें बच्चों से मुलाकात कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पोषण आहार, नियमित वजन मापने, रेडी टू ईट वितरण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार उपस्थित रहे।

## छग में 57 हजार शिक्षक सहित 1 लाख पदों पर भर्ती मोदी गारंटी का क्या हुआः आम आदमी पार्टी

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने विधानसभा



चुनाव पूर्व भाजपा सरकार द्वारा राज्य में युवाओं को 1 लाख नौकरी देने की मोदी गारंटी का वचन पत्र पर जवाब मांगते हुए कहा है कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ धोखा कर रही है। शिक्षा विभाग में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की भी बात कही थी। नई भर्ती तो छोड़िए युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45 हजार शिक्षकों के पद खत्म कर दिए गए हैं। प्रदेश में 45 हजार से अधिक प्राथमिक व माध्यमिक शालाएं है तथा इन शालाओं में बच्चों की उपस्थिति के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग सेटअप में स्वीकृत शिक्षको की पदों की संख्या को युक्तियुक्तकरण के बहाने सेटअप में संशोधन कर कम कर रही है, शिक्षक भर्ती अन्य पदों पर भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं में रोष है।

# पटवारी व नायब तहसीलदार के खिलाफ जांच की मांग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** भाजपा सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने गलत नाम चढ़ाने के खिलाफ विभागीय जांच की मांग को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा कि अछोली खसरा नंबर 905/2 सोनवानी पटवारी का काम भूमि रिकॉर्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को ठीक से रखना है। गलत नाम चढ़ाने से लोगों को भूमि संबंधी मामलों में गलत नाम दर्ज होने से बार-बार तहसील ऑफिस का चक्कर काटने में मजबूर है। यह एक गंभीर गलती है और पटवारी को सस्पेंड किया जाना चाहिए।



गलत नाम चढ़ाना, भूमि रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण त्रुटि है, जो कानूनी विवादों और अन्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। 4 जून को नायब तहसीलदार तुमगांव टेकेंद्र नुरूटी को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। संदेह है कि तहसीलदार भी इस मामले में सम्मिलित है, जो पटवारी को बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसलिए, संबंधित विभाग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और पटवारी व नायब तहसीलदार को निलंबित कर देना चाहिए। साथ ही पर्यवेक्षक को नोटिस देना चाहिए।

# अखंड और अटूट भारत के स्वप्नदृष्टा थे श्यामाप्रसाद : मीना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

- नयापारा में मुखर्जी की पुण्यतिथि को मनाया बलिदान दिवस

स्थानीय नयापारा वार्ड 7 में 23 जून को भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यर्पण पूजा अर्चना कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री व पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने डॉ श्यामाप्रसाद के जीवन



परिचय का वर्णन करते हुए उन्हें अखंड और एक भारत श्रेष्ठ भारत का जनक बताते हुए कहा कि मुखर्जी प्रखर विद्वान, शिक्षाविद और मुखर राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने अनेकता में एकता का प्रतीक भारत देश में कश्मीर में चल रहे दो विधान, दो प्रधान, दो निशान का विरोध करते हुए वहां के परमिट सिस्टम को खत्म करने संघर्ष करते हुए अपना बलिदान दिया था। हम सभी मुखर्जी के सपनों का सम्पूर्ण विकसित भारत बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भाजपा पदाधिकारी सारिका यादव, समीर करकसे, ललित मांझी, भगवती साहू, जीवन सिन्हा, कुमारी निषाद, कुंती सिन्हा, उषा साहू, सावित्री, राजकुमारी निषाद, पद्मिनी सोना, जनक दुलारी, विनय वर्मा, अमन साहू, दुर्गा निषाद सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

ग्राम खरोरा में देश के महान शिक्षाविद चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की प्रगति और एकता के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने एक समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी



भारत का सपना देखा, जिसे साकार करने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक एकता के सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ा और समाज के हर वर्ग को प्रेरित किया। डॉ मुखर्जी के आदर्श और विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

उनकी देशभक्ति और समाज के प्रति निष्ठा हमें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम एक सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन और उनके सिद्धांत हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हम उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक समृद्ध, एकजुट और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

## जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष पवन एवं महासचिव ओमप्रकाश बने



**महासमुंद।** जिला कबड्डी संघ महासमुंद के प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन सरस्वती शिशु मंदिर भलेसर रोड में हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में कबड्डी संघ के जिलेभर के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। इस निर्वाचन प्रक्रिया के पर्यवेक्षक सेवा राम साहू, चुनाव अधिकारी अवनीश वाणी थे। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष कबड्डी संघ महासमुंद के पद पर पवन ध्रुव एवं जिला सचिव के पद पर ओम प्रकाश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष पद हेमंत बारिक, कोषाध्यक्ष पद चेतन ठाकुर, संयुक्त सचिव मिथिलेश दीवान सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला कबड्डी संघ ने स्वागत करते हुए भविष्य में कबड्डी जैसे ज़मीन से जुड़े खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करने तथा अधिक से अधिक खिलाड़ी जिले से निकले, इसके लिए सभी प्रतिबद्ध हो। निर्वाचन में कार्यकारणी सदस्य भुजेन्द्र सिंह ठाकुर, शंकर पटेल, आज्ञा राम ठाकुर, गुलाब चंद्राकर, शिवचरण यादव, भोग सिंह ठाकुर, नेम सिंह ठाकुर, दानेश्वर सिन्हा, खगेंद्र तारक, हेमंत डडसेना, निर्भय नायक, कमलेश साहू, सुभाष ठाकुर, जेडी मानिकपुरी एवं कामता प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।



# सरायपाली-सरसीवां मार्ग सागरपाली के पास क्षतिग्रस्त

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली (ग्रामीण)**

सरायपाली सरसीवां मार्ग डामर की परतें

- मुख्य सड़क डाबरी में हुआ तब्दील, छोटी वाहनों का गुजरना हुआ मुश्किल

उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे बनने से आवागमन भी बाधित हो रही है। सागरपाली के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में बरसात का पानी भरने से मुख्य सड़क डबरी में तब्दील हो गयी है। इधर, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। पानी निकासी की उचित प्रबंध एवं सड़क किनारे नालियां पट जाने से सड़क की यह दुर्दशा हुई है। सागरपाली में समाधान शिविर के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क पर मुरम गिट्टी पाट कर काम चलाऊ मरम्मत किया गया था। मगर, पहली बरसात में ही पूरी गिट्टी धुल कर उखड़ गई और गड्ढे जल मग्न हो गए। गर्मी के दिनों राहगीर एवं आसपास के दुकानदार धूल की गुबार से परेशान थे। अब कीचड़ से परेशान हो रहे हैं। बताया गया है कि पिछले वर्ष ही पीडबल्यूडी विभाग द्वारा सड़क मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था। मगर, साल भर के भीतर ही सागरपाली के पास सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी इस रास्ते से गुजरते हैं। मगर इस मार्ग की मरम्मत के लिये किसी प्रकार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### काम न आया ओपी का आश्वासन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिछले साल सड़क मरम्मत करने की मांग वित्त मंत्री ओपी चौधरी से की थी। उन्होंने बरसात के बाद मरम्मत कार्य कराने का आश्वासन दिया था। लोगों को उम्मीद थी कि बरसात के बाद सड़क का कायाकल्प होगा। मगर ओपी का आश्वासन भी काम न आया।

### जर्जर सड़क सागरपाली की बनी पहचान

यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर-सरायपाली-सरसीवां-हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पिछले साल कांशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किमी एवं इस वर्ष डोंगरीपाली से माता नाला तक करीब 2 किलोमीटर का मरम्मत कार्य कराया गया। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। खस्ताहाल सड़क सागरपाली की पहचान बन चुकी है। सरायपाली सरसीवां मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए यह जर्जर सड़क एक तरह से सागरपाली की पहचान बन चुकी है। सागरपालीवासी सड़क की इस दुर्दशा के चलते काफी परेशान है। ग्रामीण स्थानीय विधायक से लेकर संसद तक इस सड़क की स्थिति से अवगत करा चुके हैं मगर फिर भी स्थिति ज्यों के त्यों बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के लिए रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री नया रायपुर (अटल नगर) में केंद्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।



### छत्तीसगढ़ की टीम में पार्थ का चयन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल होगी। छत्तीसगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन तथा जिला बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा 25 वीं जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल ग्राउंड बिलासपुर में 9 जून 2025 को आयोजित किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले के 10 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ है। पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में कक्षा 11 वीं का विद्यार्थी हैं।

### सलडीह के हितग्राही हरेकृष्ण को वृद्धावस्था पेंशन मिल रही

**महासमुंद।** मीडिया में जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम पंचायत सलडीह के हितग्राही हरेकृष्ण साहू पिता जगदीश साहू का वृद्धा पेंशन दो साल से नहीं मिलने के संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया था, जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है। उक्त संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा वास्तविक जानकारी प्राप्त किया गया। जिसके अनुसार संबंधित पेंशन हितग्राही का पेंशन राशि एनएसएपी पोर्टल में वर्ष 2019 से ऑनलाइन एंट्री किया गया है। वर्तमान में विगत 13 माह अप्रैल 2024 से मई 2025 तक पोस्ट ऑफिस के बैंक खाता में आधार बेस पेमेंट डीबीटी के माध्यम से अंतरण हो चुका है। इस संदर्भ में संबंधित हितग्राही को जानकारी दे दी गई है। पूर्व में संबंधित पेंशन हितग्राही का पेंशन राशि आधार बेस जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का खाता में डीबीटी के माध्यम से प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा था।

## निधन

### शकुंतला कुशवाहा



**महासमुंद।** स्थानीय क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी शकुंतला कुशवाहा (59) का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया। अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला आबकारी विभाग में कार्यरत लिपिक राजकुमार कुशवाहा, लालू कुशवाहा, नीतू कुशवाहा, माला कुशवाहा की मां थी।

---

### खेती: साधन संपन्न किसान खेतों में पानी छोड़ खेत की जुताई में जुटे

# नर्रा क्षेत्र में धान की 80 प्रतिशत बोआई, अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

क्षेत्र में रविवार रात में हल्की बारिश जरूर हुई है, इससे बोए गए धान की फसल को थोड़ी सी राहत मिली है। इन दिनों क्षेत्र में खरीफ फसल धान की बोनी लगभग 80 प्रतिशत किसान बोवाई कर चुके है। कुछ किसान अभी भी बाकी है। आषाढ़ माह का आधा पखवाड़ा बीतने को है, लेकिन इस क्षेत्र में अभी तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। जिससे किसान चिंतित हैं।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के किसान बोता यानी खुर्रा पद्धति से पहले धान की बोवाई किया है, उन्हीं किसानों का धान अंकुरित हुआ है। अभी भी अच्छी बारिश की दरकार है। आसमान पर



बादल दिन में धूप छांव का दौर रहा है। वही सोमवार को दिन में हल्की माध्यम फुहार जैसी बारिश हुई है।

**मानसून सक्रिय नहीं होने पर आषाढ़ माह में सूखा:** आधा पखवाड़ा बीतने को है, लेकिन क्षेत्र में खेती किसानी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। किसानों का मनना है कि धान की बोनी इस प्रकार से करते है। कुछ किसान खुर्रा प्रद्धति, कुछ किसान मताई कर लइहारा पद्धति कन्हार मिट्टी युक्त खेत में खुरचापन बतर कुछ किसान भरभरा बुआई और कुछ किसान रोपाई पसंद करते है। मानसून में ब्रेंक के कारण खेती किसान पिछड़ गई है। धान की बुआई कार्य चल रहा है। क्षेत्र के साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान रोपाई के लिए बीज डालने के बाद अब पानी छोड़ कर खेत की जुताई कर रहे हैं। आषाढ़ के दूसरे पखवाड़े में रोपाई शुरू होने की संभावना है।

---

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों के क्रियाकलापों पर भारी नाराजगी, साझा मंच ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सर्व शिक्षक साझा मंच की बैठक हुई। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों के क्रियाकलापों पर नाराजगी व्यक्त की। समन्वयक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पटेल को समन्वयक पद से कार्यमुक्त किए बिना एक तरफा नए



समन्वयक की नियुक्ति किए जाने के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी व समग्र शिक्षा जिला समन्वयक महासमुंद को ज्ञापन प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी व विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक के क्रियाकलापों पर भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ व्यापक आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा विभाग के ये दोनों अधिकारियों का व्यवहार शिक्षकों के प्रति ठीक नहीं है, शिक्षकों का भयादोहन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा है। सभी शिक्षक संगठनों ने एक राय होकर आगामी दिनों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी व समग्र शिक्षा विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक के खिलाफ व्यापक आंदोलन किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, पेंशनर संघ, संकुल समन्वयक संघ, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, संयुक्त शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारीगण भोजराज पटेल, चंद्रहास पात्र, चंद्रसाय मांझी, ललित साहू, रूपानंद पटेल, अनिल पटेल, मनोज राय, लव कुमार पटेल, कैलाश पटेल, कृष्णचंद्र पटेल, रामलाल साहू, जयंत बारीक, नरोत्तम चौधरी, राजेश प्रधान, हेमंत चौधरी, गणेश चौहान, देवेंद्र भोई, अंगद बारीक, लिंगराज देवांगन, अश्विनी बारीक आदि उपस्थित थे।

---

## कोटवार को पद से हटाने और कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम पंचायत आमापाली की कोटवार को ग्रामीणों द्वारा जनचौपाल भेंट मुलाकात में गांव के कोटवार को पद से हटाये जाने तथा उनके ऊपर कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ग्राम में रघुनाथ दास पिता स्वर्गीय प्रसाद दास कोटवार के पद पर नियुक्त है। कोटवार का दायित्व गांव में व्यवस्था करना व शासन की योजना को आमजन तक पहुंचाकर पालन करवाना होता है। ग्राम कोटवार रघुनाथ दास ने उनके पिता प्रसाद दास की मृत्यु के बाद उनके दोनों भाई एवं माता के सहमति के बाद कोटवार नियुक्त किया गया था, जिससे उसके माता का भरण पोषण नहीं किया जा रहा है और उसके मां को भी घर से निकाल दिया गया है। जिसके कारण उनका छोटा भाई



उदय दास ने गांव में आवेदन दिया था, जिससे ग्राम पंचायत ग्राम सभा में समझाया गया। लेकिन, रघुनाथ दास के द्वारा नहीं समझने के कारण ग्राम सभा में प्रस्ताव कर कोटवार को हटाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया और कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी को आदेशित किया। अनुविभागीय अधिकारी बसना मनोज खंडे द्वारा कलेक्टर की आवेदन को संज्ञान में लेते हुए ग्राम आमापाली के कोटवार को हटाए जाने के लिए जांच प्रतिवेदन तहसीलदार को दिया। तहसीलदार ममता ठाकुर द्वारा गांव वालों ने आरोप लगाया है कि बगैर जांच किए एक तरफा फैसला दे दिया गया है, जिसे पूरा जांच करने एवं कोटवार को निरस्त करने की मांग किया जा रहा है एवं उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की अपील किया जा रहा है, जिससे गांव के लोगों में आक्रोश है। गांव वालों एवं उपसरपंच का कहना है कि गांव हमें चलना है तो हमें सही और अच्छा कोटवार की आवश्यकता है। जिसमें रघुनाथ दास के द्वारा गांव की कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है, उसे तुरंत हटाया जाए और उचित कार्रवाई किया जाए।

---

## युक्तियुक्तकरण की नाकामी और प्राथमिक शिक्षकों को हाईस्कूल में पढ़ाने के आदेश का कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, महासमुंद इकाई ने जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा हाल ही में जारी पत्र और राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति का विरोध किया है। इस पत्र में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों (डीएड धारक) को हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों में व्याख्याता की कमी होने पर पढ़ाने का निर्देश दिया गया है, जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमों और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के हाल के आदेश का खुला उल्लंघन है।

संघ के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा एवं सचिव अनिल कुमार कोसरिया ने संयुक्त पात्र जारी करते हुए कहा है कि युक्तियुक्तकरण नीति का दावा था कि यह शिक्षकों की कमी दूर करेगा, यह एक कपोल कल्पित व आम जनता में भ्रम फैलाने की योजना थी जिसका पर्दाफ़ाश हो गया है। प्राथमिक शिक्षकों को उनकी योग्यता से परे हाई स्कूल में पढ़ाने का निर्देश न केवल नीति-विरुद्ध है, बल्कि यह प्राथमिक और उच्चतर दोनों स्तरों पर बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करेगा। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि डीएड धारक केवल प्राथमिक शालाओं में और बीएड धारक माध्यमिक/उच्चतर स्तर पर पढ़ा सकते हैं। इसके बावजूद, जिला शिक्षा अधिकारी का यह पत्र प्राथमिक शिक्षकों पर अनुचित दबाव डाल रहा है, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई 2009) के प्रावधानों के भी खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से तहस-नहस करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, स्कूलों को मर्ज करना, शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के नाम से पति-पत्नी या अन्य मापदंडों के बगैर स्थानांतरित करना, इन सबके बावजूद शालाओं में शिक्षकों की कमी बरकरार रहना तथा सत्र आरंभ होने के बावजूद अब तक बच्चों को संपूर्ण पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं करा पाना इन सब बातों से ऐसा ही प्रतीत होता है। संघ ने मांग की है कि जिला शिक्षा अधिकारी का पत्र तत्काल वापस लिया जाए, युक्तियुक्तकरण नीति की समीक्षा कर शिक्षकों का उनकी योग्यता के आधार पर समायोजन किया जाए, और हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों में रिक्त व्याख्याता पदों के लिए नई भर्ती या अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो कानूनी कार्रवाई और सामूहिक विरोध का रास्ता अपनाया जाएगा। संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग, रायपुर को ज्ञापन सौंपा है और अभिभावकों व छात्रों से इस मुद्दे पर विचार करते हुए समर्थन की अपील की है, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा है।



---

## पिथौरा में रथयात्रा की तैयारियां जोरों पर, जनक मंदिर में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा को लेकर जनक मंदिर परिसर रानी महल में रथ यात्रा समिति एवं आदिवासी महासंघ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष रथ यात्रा 27 जून को भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जनक मंदिर रानी महल पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलदाऊ के साथ रात्रि विश्राम करेंगे। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महाप्रसाद दो प्रकार का होगा, संकुड़ी (गीला), जिसमें चावल, दाल, सब्जी, खीर, साग आदि होते हैं, और सुखीला (सूखा), जिसमें पीठा, खाजा, पोड़ा जैसी मिठाइयाँ सम्मिलित होती हैं। यह प्रसाद जगन्नाथ मंदिर में विशेष विधि से तैयार किया जाएगा और यह प्रसाद अत्यंत पवित्र होगा। बैठक में रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि राजू सिन्हा, आदिवासी महासंघ के अध्यक्ष जनकराम ठाकुर, मनराखन ठाकुर, राजपरिवार से तीर्थराज ठाकुर, कैलाश अग्रवाल, इंद्रेश्वर सिन्हा, सुखीराम ठाकुर, श्याम नेताम, झगरू बरिहा, मोहन ठाकुर, पीतांबर डडसेना और दिनेश कालसा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

---

## अनवरपुर में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**बागबाहरा।** सुखरीडबरी संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2025- 26 का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय अनवरपुर में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य के एस सबर ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत अनवरपुर माहेश्वरी ठाकुर, शहजान पाशा, कमल चक्रधारी, राजेश कुमार पटेल, कौशल्या ठाकुर एवं समस्त विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में सुखरीडबरी संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उनको पाठयपुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर बड़े ही धूमधाम से यह उत्सव मनाया गया। केशव नायक राम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के यह बच्चे कल के भविष्य होंगे। निश्चित तौर पर शिक्षा से ही हमारा भविष्य तय होता है। हमें क्या सीखना है, क्या बनना है यह हमें विद्यालय की पढ़ाई, विद्यालय के शिक्षक और विद्यालय के माहौल से ही प्राप्त होता है। उन्होंने बच्चों के लिए कहा कि आप हमेशा संघर्षरत रहिए तभी आपको सफलता मिल सकती है। साथ ही उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को कहा कि वे भी अपने कार्य के समर्पित व जागरूक रहें। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय में चयनित बच्चों तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तुकाराम साहू, शेषनारायण साहू, नेमा चंद्राकर, जानकी साहू, जय चंद्राकर, मनीषा कुर्रे, शोभा देवांगन, अनिता दीवान, संध्या सिंह ठाकुर, व्यास नारायण बंजारे, जयमाला तांडे, कौशिल्या साहू, तारा साय, हेमलता चंद्राकर, कृष्ण कुमार देवांगन, देव कुमार पटेल, सुरेश दीवान, थानेश्वर पटेल, प्रिया काकडे, बरखा रानी मानिकपुरी, सुलोचना प्रकाश, गीता दीवान, उमिता दीवान, योगेश्वरी बंजारे, टुकेश्वर प्रसाद चक्रधारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनोज कुमार चंद्राकर (संकुल समन्वयक सुखरीडबरी) एवं देवेंद्र दीवान प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अनवरपुर के द्वारा किया गया।

### सोसाइटियों में संकट, दुकानों में आसानी से डीएपी खाद उपलब्धः रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सहकारी सोसायटियों में डीएपी संकट है। निजी दुकानों में डीएपी आसानी से मिल रही हैं। खरीफ की तैयारियों में जुटे किसानों को अभी से खाद और बीज के संकट से जूझना पड़ रहा है। डीएपी के संकट के वजह से अब किसान लूट का शिकार हो रहे हैं। सहकारी सोसायटियों में उपलब्धता नहीं होने से किसान निजी दुकानों का रूख कर रहे हैं। यहां उन्हें अधिक कीमत में डीएपी आसानी से मिल रहा है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कालाबाजारी करने वाले निजी संचालकों पर विभाग एक कार्रवाई तक नहीं कर पाया है। खरीफ की बोवाई से पहले डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। महासमुंद ही नहीं, बल्कि सभी जिलों में खाद की खुलेआम कालाबाजारी चल रही है। सहकारी सोसायटियों में 1350 रुपए में मिलने वाला डीएपी निजी दुकानों में अधिक कीमत में में बेचा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सोसायटियों में इस खाद का संकट है, लेकिन निजी दुकानों में आसानी से उपलब्ध है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि निजी दुकानों को वाजिब दरों पर बेचने के लिए शासन प्रशासन सख्त निर्देश जारी करें ताकि किसानों से लूट बंद हो। गांवों में धान बोनी का कार्य जोरों पर है। लगभग एक सप्ताह में बोनी का कार्य पूरा होने की संभावना है लेकिन निजी दुकानों से खरीदी नहीं कर पाने वाले छोटे किसान अभी भी सोसायटियों की ओर ताक रहे हैं।



---

### खरोरा के ग्रामीण बिजली बंद होने से परेशान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रोज बिजली बंद होने से ग्रामीण को परेशान हैं। बिजली ऑफिस खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने महासमुंद शहरी में जोड़ने के लिए प्रस्ताव बिजली ऑफिस जमा किया गया और सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने कहा है कि दिन के लाइट चार घंटे बाद रहे हैं और रात को आती वो भी सिर्फ चार घंटे के लिए। इन दिनों गर्मी ने भी अपनी दस्तक दे दी है। अब दिन-रात पंखे के बिना नहीं रहे सकते। ऐसे में बिजली से चलने वाले सभी उपकरण ठप पड़ जाते है। बताया गया कि बिजली के बंद की शिकायत विभाग को कई बार दी है, लेकिन बिजली विभाग इस समस्या पर गौर नहीं दे रहे हैं। लाइट ना आने से रात को मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है। जिससे रात गुजारनी भारी पड़ जाती है। गांव के सभी घरों में मीटर लगे हुए है, लेकिन विभाग बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं कर रहे है। सरपंच ने प्रशासन से मांग की है कि गांव खरोरा के बिजली को महासमुंद शहरी में जोड़ने के लिए। जिससे गांव खरोरा के लोगों को कुछ थोड़ी राहत मिल सकें।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में कराया योगाभ्यास

**महासमुंद।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में महासमुंद पतंजलि योग प्रशिक्षक तिलक साव के सानिध्य में संस्थान के ब्रम्हा कुमार कुमारी भाई बहनों ने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन प्राणायाम किया। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर लिया। तिलक साव ने योग विभिन्न क्रियाएं जैसे कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम आदि आसनों को नित्य प्रति दिन करने के फायदों से अवगत कराया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि सारी दुनिया आज के दिन को महत्व देते हुए योग-प्राणायाम सीखते हैं, ये हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है पर आज के तनाव भरे माहौल में मन को स्वस्थ और जीवन को खुशहाल बनाने के लिए संस्थान में राजयोग मेडिटेशन सिखाया जाता है जो अति आवश्यक है। सभी भाई-बहनों ने आजीवन योग करने की प्रतिज्ञा ली।

---

### कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग में सीड बॉल का किया गया निर्माण

# बीज गेंदों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं: चेलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडे के निर्देशन में वनस्पति शास्त्र विभाग में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बीज गेंदों का निर्माण किया गया है। संकाय अध्यक्ष विज्ञान एवं विभाग अध्यक्ष वनस्पति शास्त्र डॉ ईपी चेलक ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु एमएससी वनस्पति शास्त्र के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिवर्ष अप्रैल मई महीने में अलग-अलग प्रकार के देशी पौधों के बीजों को इकट्ठा कर सीड बॉल बनाया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से जामुन, आम, नीम, अर्जुन, बेल, करंज, सीताफल, अमरुद, कनेर आदि पौधे के बीजों को लिया जाता है। एक पौधे के बीच को अंकुरित होने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है। बीज़, मिट्टी और पोषक तत्व सीड बॉल एक बीज है, जिस मिट्टी में लपेटा जाता है और उसमें कुछ पोषक तत्व जैसे कोकोपीट, टिशू पेपर, ह्यूमस, गोबर खाद जैसे अन्य सामग्री होते हैं इस प्रकार तैयार बीजों को पहले धूप में सुखाया जाता है। इस प्रकार तैयार की गई अलग-अलग बीजों को अलग-अलग ट्रे में इकट्ठा किया



जाता है। इसे बीज बम के नाम से भी जाना जाता है। बीज बमबारी एक कृषि तकनीक है, जिसमें बीज की गेंद को फेंक कर या गिरा कर भूमि पर वनस्पति को पेश किया जाता है। इस प्रकार तैयार की गई सीड बॉल को जून और जुलाई के महीने में रोड किनारे किसी तालाब के पास या मैदान पर या जंगलों के पास भूमि पर गिराकर या फेंक कर वितरित किया जाता है। इस तकनीक का उपयोग वृक्षारोपण के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है। उपयुक्त नमी और अनुकूल परिस्थितियों में सीड बॉल अंकुरित होने लगती है और आसानी से पौधे एवं वृक्ष में बदल जाते हैं। सीड बॉल के लाभ-मुख्य रूप से पहाड़ियों खड़ी ढलानो, बंजर भूमि,जल ग्रहण क्षेत्र दूरदराज के क्षेत्र आदि दुर्गम स्थानों पर फेंका जा सकता है। कम लागत और आसान तकनीक बड़े क्षेत्र में तेजी से वनीकरण, मिट्टी का कटाव रोकने और जैव विविधता बढ़ाने में बहुत अच्छे से मददगार हो रहे है। हाल में ही ड्रोन महोत्सव के दौरान ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल गिराने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग पर जोर दिया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा उपरांत वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा दूरस्थ ग्रामीण अंचल से आए हुए विद्यार्थियों को सीड बाल का वितरण किया गया और अपने-अपने क्षेत्र में वितरित करने एवं अन्य वर्षो में भी स्वयं इसका निर्माण कर प्लांटेशन करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पर्यावरण संरक्षण समिति से मनीराम धीवर, राजेश्वरी सोनी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई, प्रो. अजय कुमार राजा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी और समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),

राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411